साइबर अपराध व सड़क सुरक्षा के बारे में जानकंरी दी

लालसोट। आगामी त्योहारों और चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना परिसर लालसोट में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाधिकारी हरलाल मीणा ने सदस्यों के साथ संवाद कर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाधिकारी हरलाल मीणा ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। थानाधिकारी ने सीएलजी सदस्यों से क्षेत्र में होने वाली अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस के साथ साझा करने की अपील की। उन्होंने पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की आवश्यकता बताई।

किशनगढ़ बास में राष्ट्रीय लोक अदालत में 75 हजार से अधिक मामलों का निस्तारण



न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास, सचिव अजीत कुड़ी ने किशनगढ़ बास में राष्ट्रीय लोक अदालत का अवलोकन किया।

- 8.68 करोड़ के अवार्ड पारित
- खैरथल-तिजारा जिले में 7 बेंचों पर हुई 83 हजार प्रकरणों की सुनवाई

किशनगढ़बास। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा के तत्वावधान में शनिवार 10 अक्टूबर को किशनगढ़ बास में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला व सेशन न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास के निर्देशन में आयोजित इस लोक अदालत में 75,575 प्रकरणों का निस्तारण कर 8,68,74,259 रुपये से अधिक के अवार्ड पारित किए गए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजीत कुड़ी व वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरभी सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल 07 पीठों का गठन किया गया था, जिसमें मुख्यालय पर 01 पीठ तथा अधीनस्थ तालुकाओं में 06 पीठें गठित की गई। मुख्यालय पीठ में अध्यक्ष के रूप में जिला एवं सेशन न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास, सदस्य के रूप में एसडीएम किशनगढ़बास सतवीर सिंह यादव एवं अधिवक्ता प्रताप सैन उपस्थित रहे।

लोक अदालत के दौरान राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं आमजन से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। प्री-लिटिगेशन (राजस्व सहित) के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कुल 73,351 प्रकरणों (67,503 ऑनलाइन एवं 5,848 ऑफलाइन) में से कुल 67,557 प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया गया, जिसमें 1,74,84,500 रुपये की राशि के अवार्ड पारित किए गए।

इसी प्रकार विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं राजस्व मामलों के कुल 9,878 प्रकरणों में से 8,018 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिसके तहत कुल 6,93,89,759 रुपये की राशि का निर्धारण/समझौता किया गया। इस प्रकार प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित तथा राजस्व मामलों के कुल 83,229 प्रकरणों में से कुल 75,575 प्रकरणों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति एवं समझाइश के माध्यम से विवादों का त्वरित, सरल एवं सुलभ निस्तारण सुनिश्चित करना तथा आमजन को अनावश्यक न्यायालयीन प्रक्रिया, समय और खर्च से राहत प्रदान करना है। लोक अदालत में पारित समझौता अवार्ड अंतिम एवं बाध्यकारी होता है तथा नियमानुसार इसके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं होता। इस अवसर पर अधिवक्तागण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पीएलवीगण भी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

निवाई में दो दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

निवाई। अग्रसेन जयंती समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार व दिलीप कुमार भाणजा परिवार द्वारा ध्वजारोहण करके किया। समारोह में सैंकड़ों महिला-पुरूषों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिन्होंने आराध्य देव महाराजा अग्रसेन की विधिवत पूजा-अर्चना करके जन्म जयंती मनाई एवं दो दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन की कामना की। इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ताराचंद गोयल रामनगर व पार्षद अनीता गोयल ने फीता काटकर किया। राजेंद्र जैन व दिलीप जैन बगड़ी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। रक्तदान शिविर में समाज के युवक-युवतियों, महिलाओं व पुरुषों में भारी उत्साह के साथ बढ़-चढक़र रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर ताराचंद बोहरा, प्रधानाचार्य राकेशकुमार अग्रवाल, रवि अग्रवाल, महावीर प्रसाद पराना ओमप्रकाश गुप्ता टोंक, मोहन लाल गुप्ता, प्रेमचंद अग्रवाल, दिनेश मंगल, दिनेश गिन्दौड़ी, हुकमचंद जैन, पवन सांवलिया, पार्षद नीतू सांवलिया, योगेन्द्र जैन, मोहनलाल शेखाटिया व देवेन्द्र आण्डरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

चौमूं में प्रबोधन कार्यशाला आयोजित

चौमूं / कालाडेरा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 हेतु संभावित प्रत्याशियों को नामांकन भरने संबंधी प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों से अवगत करवाये जाने हेतु शनिवार को अपराहन 3:00 बजे कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ के सभागार में अधोहस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में "प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला" का आयोजन किया गया। प्रबोधन कार्यशाला में रिटर्निंग अधिकारी पंचायत समिति गोविन्दगढ सहायक कलेक्टर चौमूं मुक्त राव के द्वारा उक्त आयोजित प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला में निम्न अधिकारियों/कार्मिकगणों द्वारा चुनाव लड़ने वाले इच्छुक प्रत्याशियों को नामांकन भरने संबंधी प्रक्रिया एवं उसके संलग्न होने वाले दस्तावेजों के संबंध में प्रशिक्षण व जानकारी प्रदान की गई। इस दौरानमुक्ता राव, रिटर्निंग अधिकारी, पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं सहायक कलक्टर चौमूं, अतुल पारीक, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सहायक कलक्टर चौमूं, दीपक कुमार यादव, निजी सहायक, सहायक कलक्टर चौमूं, विकास शर्मा, प्रधानाध्यापक, महात्मा गांधी सीनियर सै0 विद्यालय वार्ड नं 11 कालाडेरा, श्रवण कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक, राउमावि हस्तेडा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

महायज्ञ के लिए 191 पीपे घी का दान

अलवर। माधोगढ़ गांव स्थित नल्देश्वर धाम आश्रम (मिनी अमरनाथ) में 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय 108 कुंडीय रुद्र महायज्ञ को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महायज्ञ में हवन के लिए मातादीन पणिहार ने 191 पीपे घी दान किए हैं। महायज्ञ के लिए इतनी बड़ी मात्रा में घी का दान धार्मिक आयोजन की तैयारियों से जुड़ी प्रमुख जानकारी है।

शाहपुरा: एनएच-48 पुलिया के हिस्से में धंसाव की तत्काल मरम्मत करने की मांग

शाहपुरा। मनोहरपुर शाहपुरा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-48 की पुलिया के एक हिस्से में धंसाव सामने आने के बाद निर्माण गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिया की मौजूदा स्थिति को लेकर सड़क सुरक्षा के लिहाज से चिंता जताई जा रही है। मामले में कुंवर दिगराज सिंह ने मौके पर पहुंचकर पुलिया का निरीक्षण किया और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से तत्काल तकनीकी जांच कराने तथा आवश्यक मरम्मत करवाने की मांग की। निरीक्षण के दौरान पुलिया के एक हिस्से में धंसाव दिखाई देने पर दिगराज सिंह ने इसे गंभीर विषय बताया। उन्होंने कहा कि एनएच-48 व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुलिया की स्थिति की अनदेखी करना वाहन चालकों की सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं है।

दिगराज सिंह ने कहा कि लाखों लोगों की सुरक्षा से जुड़े इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने पुलिया की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने, धंसाव के कारणों का पता लगाने और जरूरत के अनुसार मरम्मत एवं मजबूतीकरण कार्य करवाने की मांग की।

पुलिया के निर्माण या मरम्मत कार्य के करीब एक वर्ष के भीतर ही धंसाव सामने आने की बात कही जा रही है। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता, इस्तेमाल की गई सामग्री और रखरखाव की व्यवस्था की जांच को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, धंसाव के वास्तविक कारणों की पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी। अब निगाहें की कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना होगा कि संबंधित अधिकारी पुलिया की तकनीकी जांच करवाकर सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाते हैं और मरम्मत कार्य कब तक शुरू किया जाता है।

खाद के लिए किसान परेशान - टीकाराम जूली

अलवर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर ग्रामीण जनता की समस्याओं को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने खाद की किल्लत, राशन वितरण में आ रही परेशानियों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की शिकायतों तथा शौचालय निर्माण की राशि नहीं मिलने जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। जूली ने कहा कि सरकार के दावों और गांवों में आम आदमी की वास्तविक जिंदगी के बीच बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है। टीकाराम जूली ने कहा कि खेती-किसानी पर निर्भर ग्रामीण परिवारों के सामने खाद की उपलब्धता एक बड़ी चिंता बनी हुई है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से खेती की तैयारियों और फसलों की जरूरतों पर असर पडऩे की आशंका रहती है।

पावटा में नामांकन प्रक्रिया व निर्वाचन नियमों की जानकारी दी



पंचायत समिति पावटा में शनिवार को प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला का आयोजन किया।

पावटा। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में पंचायत समिति पावटा में शनिवार को प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच पदों पर चुनाव लड़ने वाले सैकड़ों प्रत्याशियों ने भाग लिया।

उपखण्ड अधिकारी पावटा श्री ब्रजेश कुमार चौधरी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर अजय सिंह यादव, मन मोहन मीणा, सुरेश यादव एवं दीपक कुमार बंसल ने प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ विस्तारपूर्वक प्रदान कीं। मास्टर ट्रेनर्स ने पीपीटी के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया, नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया तथा आवेदन पत्रों में आवश्यक जानकारियाँ सही ढंग से अंकित करने के संबंध में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान भरे हुए आवेदन पत्रों के नमूने प्रदर्शित कर प्रत्याशियों को व्यावहारिक जानकारी भी दी गई, ताकि वे नामांकन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकें और आवेदन पत्र भरते समय होने वाली संभावित त्रुटियों से बच सकें। कार्यशाला के दौरान प्रत्याशियों ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न शंकाएँ एवं प्रश्न प्रस्तुत किए। मास्टर ट्रेनर्स ने सभी प्रश्नों का बिंदुवार समाधान करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

सातवें दिन भी धरना जारी

मनोहरपुर । मनोहरपुर कस्बे के प्राचीन मठेश्वर महादेव मंदिर की भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर की भूमि पर कथित रूप से पत्थर डालकर निर्माण शुरू किए।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बनवारी लाल कुम्हार, निवासी ग्राम निमाली, दौसा ने अपने पुत्र गौरव कुलचानिया को दिनांक 19/09/2026 से अपनी समस्त स्वअर्जित चल अचल संपत्ति एवं पारिवारिक संबंधों से बेदखल कर दिया है उसके किसी कृत्य के लिए बनवारी लाल कुम्हार जिम्मेदार नहीं रहेगें।
OMPRAKASH YADAV, Advocate
Rajasthan High Court, Mob: 8233905434

‘बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा और सशक्तीकरण जरूरी’



दौसा में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 150 मेधावी बालिकाएं और 25 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

दौसा। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय, समग्र शिक्षा, दौसा की ओर से गुप्तेश्वर रोड स्थित यशोधरा मैरिज गार्डन में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा लोकेश शर्मा ने बताया कि समारोह में जिले की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली 150 मेधावी बालिकाओं तथा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली 25 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की थीम ‘बाल विवाह समाप्त करें और बालिकाओं के अधिकारों में निवेश करें रही। समारोह का उद्देश्य बालिकाओं की शैक्षिणक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना, बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं के योगदान को सम्मान देना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भरतपुर संभाग की संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा संगीता मानवी ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाकर तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करके ही सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षिकाएं बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बालिकाओं की शैक्षिणक उपलब्धियों को सम्मानित करने तथा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। सहायक परियोजना समन्वयक रामगोपाल सोनी ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने, बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। प्रत्येक बालिका को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराकर ही एक सशक्त एवं समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है।

खाली प्लाट बना कचरापात्र , सड़क पर कचरा फैलने से परेशान

किशनगढ़ बास। नगर पालिका के वार्ड नंबर 17 के खुराना चौक के पास की गली का खाली प्लॉट आज का कचराघर नहीं, सालों पुराना कचरापात्र बना हुआ है। यह समस्या आज की नहीं, कई वर्षों से चली आ रही है, पुराने वार्ड पार्षद ओर नगर पालिका अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया उसी का नतीजा है। वैसे वार्ड की नई पार्षद भारती को अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है इसलिए उन्हें दौषी नहीं ठहराया जा सकता है। इस हालत के लिए नगर पालिका को सीधे दोषी नहीं ठहराया जा सकता। घर-घर कचरा संग्रह गाड़ी रोज आ रही है, सफाई कर्मचारी रोज आ रहा है। फिर भी कुछ लोगों ने खाली जगह देखकर इसे स्थाई कचरा पात्र बना रखा है। यह हमारी गंदी आदत और नगर पालिका की ओर से एक्शन नहीं लिए जाने का नतीजा है।

जब इस प्लॉट पर ज्यादा कूड़ा इकट्ठा हो जाता है तो जिम्मेदारी से हटाने के बजाय इसमें आग लगा देते हैं। कचरे में पड़ी प्लास्टिक, पॉलीथीन और गंदगी से निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे मोहल्ले में फैल जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। दमा, सांस और आंखों की बीमारी को न्योता देने वाली यह आग स्वच्छता अभियान पर भी कालिख पोत रही है।

मालपुरा में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया



खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भोजनालय से नमूने लेकर जांच के लिए संग्रहित किया।

- खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर ने मालपुरा स्कूल में विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पौष्टिक खान-पान के प्रति जागरूक किया

टोंक। सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान‘ अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में जागरूकता गतिविधियों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. मदन लाल गुर्जर ने मालपुरा स्थित तिलक बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पौष्टिक खान-पान, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वही इसी दौरान बस स्टैंड, मालपुरा स्थित आनंद पवित्र भोजनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों पर सुधार नोटिस जारी कर पनीर का नमूना लिया गया। वहीं, रूपा एजेंसीज से मैगी नूडल्स का नमूना लेकर जांच के लिए संग्रहित किया गया।

सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि ’सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान‘ अभियान का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोक लगाना है। उन्होंने खाद्य कारोबारियों से खाद्य सुरक्षा मानकों एवं स्वच्छता नियमों की पालना सुनिश्चित करने की अपील की।

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर नगर जोन) नगर निगम जयपुर
(अम्बाबाड़ी सर्किल, अम्बाबाड़ी जयपुर)
क्रमांक: एफ-55()वि.जोन/ज.न.नि./2026/2315 दिनांक: 9/10/2026
सार्वजनिक सूचना
भूखंड सं. 29 - ए, चाँद बिहारी नगर, खातीपुरा रोड, झोटवाड़ा, जयपुर (शंकर गृह.नि.म.स) का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री बदरी लाल कुमावत पुत्र श्री रामकिशन कुमावत के पक्ष में दिनांक 04.11.1998 को क्षेत्रफल 250.00 वर्गगज भूमि का लीज डीड पट्टा जारी किया गया था। प्रकरण में मूल आवंटी श्री बदरी लाल कुमावत पुत्र श्री रामकिशन कुमावत ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.05.2004 के द्वारा श्री योगेंद्र प्रताप सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह को बेचान कर दिया। आवेदक श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह द्वारा भूखंड सं. 29-ए, चाँद बिहारी नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर क्षेत्रफल 250.00 वर्गगज का लीज डीड पट्टा अपने पक्ष में जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम लीज डीड पट्टा की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी। **उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम जयपुर**

खोया पाया
मेरे फ्लैट नम्बर- 28/ST/L/102 (1-F) सतलुज अपार्टमेंट, सेक्टर-28, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल (अलाटमेंट लेटर+कब्जा पत्र+7डेज लैटर+मूल भौतिक कब्जा पत्र+ सभी जमा रशीद) कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें जितेन्द्र सिंह- 9680072939

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए कमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क. सं.: 1। निविदा संख्या:** इंजी./जय/2026-27/112 **कार्य का नाम:** DEN (HQ-I) JP सब-डिविजन: जगतपुरा में सिविल एसेट्स सिस्टम और बंगले, रेल क्लब व अन्य सर्विस बिल्डिंग के रखरखाव और संचालन के लिए टेक्निकल सर्विस देना: PHOD कॉलोनी और GM कॉलोनी में हॉर्टिकल्चर (बागवानी) के काम का रखरखाव (24 महीने की अवधि के लिए)। **अनुमानित लागत:** 20060476.12। **बिड प्रति भूति राशि:** 401200/-। 1. उपरोक्त निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेल जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा **इंजी./जय/2026-27/112** की बन्द होने की तिथि **28.10.2026** समय **15.00** बजे एवं खुलने की तिथी **28.10.2026** समय 16.00 बजे।
1456-MG/26
हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करे

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
व.मं.बि. इंजी. (टीआरडी एण्ड जीएसयू), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **क्र.सं.** 1। **एनआईटी संख्या:** ईएल-टीआरडी-जेपी-2026-27-04। **कार्य का नाम:** प्रोविजिन ऑफ रेट्रो-रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेट्स ऑन ओएचई पोर्टल ड्रॉप आर्म्स। **अनुमानित लागत (रु):** 83,95,633.00। **बिड सिक्युरिटि राशि (रु):** 1,67,900.00। **निविदा खोलने की तिथि:** 06.11.2026। **क्र.सं.** 2। **एनआईटी संख्या:** ईएल-टीआरडी-जेपी-2026-27-05। **कार्य का नाम:** स्टैण्डर्ड अरेंजमेंट ऑफ ओएचई कैंटिलीवर ऑन प्लेटफॉर्म ऑफ जयपुर डिवीजन। **अनुमानित लागत (रु):** 1,34,01,493.25। **बिड सिक्युरिटि राशि (रु):** 2,68,000.00। **निविदा खोलने की तिथि:** 06.11.2026। **नोट:** **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** **http://www.ireps.gov.in** **1459-MG/26**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

किसानों को मांग के अनुरूप मिलेगा डीएपी- यूरिया : किरोड़ी लाल

- ‘वर्तमान में 1 लाख 5 हजार 584 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3 लाख 63 हजार 969 मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक उपलब्ध है’

कोटपूतली। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। खरीफ सीजन-2026 में राज्य सरकार ने डीएपी एवं यूरिया की मांग से अधिक आपूर्ति कर किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराए हैं। रबी सीजन में भी किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, केंद्र सरकार से भी उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति जारी है। कृषि मंत्री ने बताया कि खरीफ सीजन-2026 में डीएपी की 5 लाख 10 हजार मीट्रिक टन मांग के विरुद्ध 5 लाख 44 हजार 995 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार यूरिया की 11 लाख मीट्रिक टन मांग के मुकाबले 17 लाख 15 हजार 814 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया। इससे स्पष्ट है कि खरीफ सीजन में दोनों प्रमुख उर्वरकों की मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई। डॉ. मीणा ने बताया कि रबी सीजन में बुवाई अभी प्रारंभिक अवस्था में है।

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

राम लीला भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम: डॉ शैलेश सिंह



डीग में श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

- विधायक ने कहा कि नगर परिषद को शहर में अलग एवं व्यवस्थित रामलीला मैदान विकसित करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

डीग। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके जीवन से मर्यादा, त्याग, सत्य, कर्तव्य और संस्कारों की प्रेरणा मिलती है। प्रत्येक व्यक्ति को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और पदचिह्नों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। यह बात मुख्य अतिथि डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने शुक्रवार को मुख्य बाजार स्थित रामलीला पंडाल में आचार्य पंडित नारायण लाल अखाड़ा रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कही।

विधायक डॉ सिंह ने कहा कि मुख्य बाजार में रामलीला के आयोजन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचते हैं। नगर परिषद को शहर में अलग एवं व्यवस्थित रामलीला मैदान विकसित करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में महोत्सव का आयोजन अधिक बेहतर और सुविधाजनक तरीके से हो सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान गणेश के पूजन के साथ हुआ। विद्वान पंडितों ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया।

रामलीला समिति के अधिष्ठाता पंडित सूर्यमान शास्त्री ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इसके बाद महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ।

पंडित शास्त्री ने आचार्य पंडित नारायण लाल अखाड़ा रामलीला की परंपरा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपरा और नैतिक मूल्यों को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसके प्रसंग भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ गुप्ता ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन समाज में संस्कार और आपसी सद्भाव मजबूत करते हैं। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति अर्पित गुप्ता,संयोजक भगवान शरण गुप्ता, अनिल गुप्ता एडवोकेट, राजेश चनसौरिया, लखपत गुर्जर, पार्षद गौरव सोनी, सोहनलाल शर्मा, प्रेम,भवानी शंकर शर्मा सहित समिति पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
EPC मोड के आधार पर सिंगल स्टेज टू पैकेट सिस्टम
मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा का ऑन लाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता हैं। निविदाकार अपना मूल/परिवर्तित प्रस्ताव ई-निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाईन भर दें। **ई-टेण्डर नोटिस संख्या:** बोली/पैकेज नंबर EL-PROJ-PSI-JP-EPC-02। **कार्य का नाम व लोकेशन:** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के जयपुर डिवीज़न के बांदीकुई-जयपुर सेक्शन में 2x25 KV ट्रैक्शन सिस्टम (स्कॉट कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मर) के तहत 132/55 KV ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग पोस्ट (SPs) और सब-सेक्शनिंग पोस्ट (SSPs) का डिज़ाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत:** रूपये 1,52,81,07,371.06/-। **धरोहर राशि:** रूपये 3,05,62,200.00/-। **कार्य पूरा होने की अवधि:** 540 दिन। **ई-टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 11/12/2026 (15:00 hrs.)। **वेबसाईट का विवरण:** www.ireps.gov.in। **नोट:** कोई भी मैन्युवल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। **1458-MG/26**
हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करे

नाम परिवर्तन
मै जय सिंह शेखावत पुत्र श्री शंकर सिंह शेखावत, निवासी - प्लॉट नम्बर ए-31, गणेश नगर-17, कालवाड़ रोड, पीथावास, हाथोज, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान-302012,यह कि मैंने मेरा नाम जय सिंह से बदलकर, जय सिंह शेखावत कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचान जावे।

I Sayitri Devi Mother of No. 13626233W Rank Hav Name Sarat Singh Rana Add- Vill- Nald, PO- Gangori,Teh- Bhatwari, Dist- Uttarkashi, State- Uttarakhand, Pin- 249193, Have Changed my Name Sayitri Devi to Savitri Devi Vide Affidavit No-FH0021602825,jaipur Raj. Date-10.10.26

I smt ucchab kanwar W/O army no 1026993X Rank Hon NB RIS Late Moti singh vill asti khurd post Asti kala teh . chomu dist jaipur that i want to change name of my son from LAL SINGH to RAJENDRA SINGH vide affidavit dated 9 oct 26 before sub divisional officer chomu jaipur

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला-जयपुर (राज.)
क्रमांक-न.पा.चा./2026/577 **लोक सूचना** दिनांक-09/10/2026
आवेदक भूलीदेवी पत्नि गंगाराम हिस्सा- पूर्ण जाति- मीणा निवासी वार्ड न.23 पीपली वाली ढाणी क.चाकसू खातेदार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र (हैक्टे.में)	प्रयोजन
तहसील चाकसू जिला जयपुर	ग्राम-चाकसू (पूर्व), पटवार हल्का-चाकसू पूर्व, भू.अभि.नि.-चाकसू तहसील-चाकसू, जिला जयपुर	1822	0.4000	आवासीय प्रयोजनार्थ
		कुल किता 1	0.4000	

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09/10/26 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका चाकसू